## पिता के सम्मान में 282 चोटियों पर चढ़ाई की



**एडिनबर्ग** | स्कॉटलैंड के पॉल चोएट (40) ने अपने दिवंगत पिता के सम्मान में स्कॉटलैंड की 3 हजार फीट से ऊंची सभी 282 चोटियों पर चढ़ाई पूरी कर ली। पॉल के पिता डेविड चोएट मोटर न्यूरोन डिजीज से पीड़ित थे और बीमारी बढ़ने से पहले 282 में से 267 चोटियां ही चढ़ पाए थे। पॉल ने कहा कि मैंने वही पूरा किया जो पापा ने शुरू किया था। पॉल के मुताबिक, पहाड़ों पर ट्रेकिंग करना मेरे मम्मी-पापा का पैशन था।

## पत्नी व साथी को सबक सिखाने के लिए पिता ने बेटी से कोर्ट में 'बैड टच' का झूठ बुलवाया

**जालंधर** | पंजाब के जालंधर में पत्नी को सबक सिखाने के लिए एक पिता ने अपनी 4 साल की बेटी को मोहरा बनाकर पत्नी और उसके दोस्त पर 'बैड टच' का झूठा केस दर्ज करा दिया। इस केस में मां और उसका दोस्त सवा साल तक जेल में रहे। एडिशनल सेशन जज की कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट और सबूतों के आधार पर दोनों को बाइज्जत बरी कर दिया। कोर्ट ने बच्ची से पूछा कि क्या उसने मम्मी को अंकल के साथ देखा था? बच्ची ने कहा कि मैंने तो सिर्फ फोटो में अंकल को मम्मी के साथ देखा है। फिर बच्ची से पूछा गया कि यह सब बोलने के लिए किसने कहा था? बच्ची ने कहा- पापा ने। कोर्ट ने माना कि केस झूठ पर आधारित है।




## अमेरिका • युवाओं में लत लगाने के मामले में घिरीं टेक कंपनियां

# मेटा, गूगल जैसी कंपनियों पर तीन हजार मामले आगे बढ़ेंगे


TIME

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**सैन फ्रांसिस्को** | दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों को इस आरोप को लेकर हजारों मुकदमों का सामना करना पड़ सकता है कि उन्होंने जानबूझकर अपने प्लेटफॉर्म को इस तरह बनाया है कि युवाओं में इसकी लत लग सके। सैन फ्रांसिस्को स्थित 9वीं यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने फैसला सुनाया है कि मेटा, टिकटॉक, गूगल, स्नैप और अन्य टेक कंपनियों के खिलाफ दायर 3,000 से ज्यादा मुकदमे आगे बढ़ सकते हैं। ये मुकदमे राज्यों, नगरपालिकाओं, स्कूल जिलों और व्यक्तियों द्वारा दायर किए गए थे। कोर्ट ने कंपनियों की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें वे अमेरिकी कानून की धारा 230 का हवाला देकर इन मामलों को शुरुआती स्तर पर रोकना चाहती थीं। कोर्ट ने कहा कि कंपनियों द्वारा अपील समय से पहले की गई है, क्योंकि निचली अदालत का फैसला अंतिम नहीं था।

### लाखों डॉलर हर्जाना देना पड़ सकता है

इस साल मार्च में लॉस एंजिल्स की जूरी ने 20 वर्षीय महिला के मामले में मेटा और गूगल को इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब के डिजाइन को लेकर लापरवाह माना और



कुल 60 लाख डॉलर (करीब 57 करोड़ रुपए) का हर्जाना तय किया। इसी दौरान न्यू मैक्सिको में मेटा के खिलाफ 3575 करोड़ रुपए का फैसला आया था। इसी तरह के हजारों मुकदमे अलग-अलग राज्य अदालतों में भी चल रहे हैं। कैलिफोर्निया की स्टेट कोर्ट में करीब 3,300 केस एक साथ चलाए जा रहे हैं।

**क्या है मामला?** आरोप है कि कंपनियों ने जानबूझकर ऐसे लत लगाने वाली एल्गोरिदम और फीचर्स बनाए, जो बच्चों और किशोरों को प्लेटफॉर्म पर ज्यादा देर तक टिकाए रखते हैं। हानिकारक कंटेंट पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय भी नहीं किए गए। इससे युवाओं में डिप्रेशन, एंग्जायटी और शरीर की बनावट को लेकर हीन भावना जैसी दिक्कतें बढ़ रही हैं। अब ये मामले जिला अदालत में आगे बढ़ सकते हैं। वहां जांच होगी कि प्लेटफॉर्म का डिजाइन युवाओं को नुकसान पहुंचाने वाला था या नहीं।




एयर फोर्स पायलट्स के स्क्वाड्रन पर बनी वेब सिरीज़ को अच्छे रिव्यूज़ मिले!

## ब्रिटेन में फोन से निजात दिला रहे फ्लोटिंग रिट्रीट, मोबाइल-फ्री पब

भास्कर न्यूज़ | लंदन

ब्रिटेन में स्मार्टफोन से दूरी बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जहां पहुंचते ही लोग फोन लॉकबॉक्स में जमा कर देते हैं। पेंटिंग, ग्रुप वॉक और डिनर जैसे इन आयोजनों में कुछ घंटे बिना स्क्रीन बिताए जाते हैं। कई संगीत कार्यक्रमों और नाइटक्लब में भी फोन पर रोक लगाई जा रही है। कुछ लोग स्मार्टफोन छोड़कर पुराने 'डंब फोन' अपना रहे हैं। कुछ पूरी तरह फोन छोड़ रहे हैं। इनका कहना है कि इससे उनके जीवन में सार्थक बदलाव आ गया है।



### फोन बंद करें-डायरी लिखें

'स्विच ऑफ' नाम से महिलाओं के लिए फोन-फ्री सेशन आयोजित होते हैं, जहां वे डायरी लिख सकती हैं, कोलाज बना सकती हैं या किताब पढ़ सकती हैं। वहीं, 'ऑफलाइन प्रोजेक्ट' स्क्रीन-फ्री सैर और वर्कशॉप का आयोजन करता है।

## यूपी: बदहाल सड़क को लेकर जेन अल्फा स्कूली बच्चे डीएम ऑफिस पहुंचे




**हमीरपुर** | यूपी के हमीरपुर में मंगलवार को बड़ी संख्या में जेन अल्फा स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। बच्चों का कहना था कि बदहाल सड़क के कारण उन्हें स्कूल जाने में परेशानी होती है। एसडीएम और सीओ के रोकने के बावजूद बच्चे दौड़ लगाकर डीएम दफ्तर के गेट पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

## इस्लाम अपनाया तो पिता ने युवतियों को कैद किया हाईकोर्ट ने अधिकारों के उल्लंघन पर 25 लाख दिलाए

**प्रयागराज** | हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने वाली दो बहनों को उनके पिता ने घर में कैद कर लिया। इन बालिग बहनों को उनकी इच्छा के खिलाफ कैद रखने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। जस्टिस संदीप जैन की बेंच ने 20 वर्षीय दिया भाटिया उर्फ जोया और 35 वर्षीय अंशु भाटिया उर्फ अमीना की हेबियस कॉर्पस याचिका स्वीकार करते हुए पिता और उत्तर प्रदेश सरकार को संयुक्त रूप से 25 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया। संवैधानिक अधिकारों का बेहद गंभीर और घोर उल्लंघन पाते हुए कोर्ट ने माना में मिसाल कायम करने वाला संवैधानिक मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## क्रिकेटर अभिषेक पोरेल दुष्कर्म केस में गिरफ्तार



भास्कर न्यूज़ | कोलकाता

बंगाल के क्रिकेटर और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स से खेल चुके अभिषेक पोरेल को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कर्नाटक की एक मेडिकल छात्रा ने आरोप लगाया था कि दोनों करीब साढ़े तीन साल से रिश्ते में थे। पोरेल ने शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए और शादी से इनकार कर दिया। मंगलवार को पोरेल को हुगली जिला अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

**Bank of India** रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking

आस्ति वसूली शाखा, आंचलिक कार्यालय प्लॉट नंबर 9-आरसी, स्कीम नंबर 134, एम. आर-10 इंदौर (म.प्र.) 452010
फोन नम्बर 0731-2445122, 212
Email: arb.indore@bankofindia.bank.in

**अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

**ई-नीलामी विक्रय सूचना** प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाले/जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु **दिनांक 09.09.2026** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

**ई-नीलामी दिनांक 09.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक**

| शाखा का नाम (1) | ऋणी / जमानतदार का नाम (2) | संपत्ती का विवरण व स्वामी का नाम (3) | मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4) | आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5) | आरक्षित राशि (रू.) (6) | ईएमडी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा : एआरबी | **मैसर्स श्री बालाजी उद्योग (प्रोपराईटर: श्री संदीप गोयल पिता शंकर लाल गोयल), श्री संदीप गोयल पिता शंकर लाल गोयल (प्रोपराईटर-बंधककर्ता), दोनों का पता 1:** मनीष धर्मशाला के पास, कहारगंज, खंडवा म.प्र. (450001), **पता 2:** के.एच. नंबर 224/2, पीएच नंबर 62, ग्राम बोरगांव खुर्द, खंडवा म.प्र. (450001), **श्रीमती मंजू अग्रवाल पति सुनील अग्रवाल (जमानतदार-बंधककर्ता), पता:** प्लॉट नं. 327, स्विधा ज्वैलर्स, सराफा बाजार, भुसावल, जिला जलगांव महाराष्ट्र (425201), **श्रीमती सपना अग्रवाल पति दीपेश अग्रवाल (जमानतदार), पता:** श्याम विलास चौराहा, गोकुलगंज, महू, जिला इंदौर म.प्र. (453441), **श्रीमती शीतल सिंघल पति पवन कुमार सिंघल (जमानतदार) पता:** 50, सोमनाथ की जूनी चाल, वल्लभ नगर, इंदौर म.प्र. (452003) | संपत्ति का समस्त भू भाग व अंश व्यावसायिक डायवर्टेड भूमि और भवन खसरा नम्बर 224/2, पीएच नंबर 62, ग्राम बोरगांव खुर्द, खंडवा, **संपत्ति मालिक:** श्रीमती मंजू अग्रवाल पति श्री सुनील अग्रवाल (जमानतदार) और श्री संदीप गोयल (प्रोपराईटर), क्षेत्रफल 0.40 हेक्टेयर या 43560 वर्गफीट, **संपत्ति की चतुर्सीमा: उत्तर:** हरकचंद पिता सुखराम की भूमि, **दक्षिण:** बाबू पिता नारायण और गहनाबाई पति दशरथ की भूमि (विनायक उद्योग ऑयल मिल), **पूर्व:** अमराती बाई पति सुखराम और सरवन पिता मांगीलाल की भूमि, **पश्चिम:** रास्ता | 05.07.2025 ₹ 1,54,18,784.11 + ब्याज एवं अन्य खर्च | 17.09.2025 सांकेतिक | ₹ 150.00 लाख | ₹ 15.00 लाख |

**क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।**

ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट https://baanknet.com बोलीकर्ता https://baanknet.com, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते है। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।

**ए.** सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।
**बी.** नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।
**सी.** बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन के भीतर जमा किया जाना होगा।
**डी.** उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
**इ.** सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा **194-IA** के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म **26QB** आनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म **16B** में जारी करना होगा। खरीदार को सरकारी खाते मे आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
**एफ.** बोली केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत की जाएगी।
**जी.** प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
**एच.** आरक्षित मूल्य से कम से कम एक वृद्धि राशि जोड़ने पर ही बोली स्वीकार होगी।

दिनांक : 11.08.2026, स्थान: इन्दौर
प्राधिकृत अधिकारी: बैंक ऑफ इंडिया




**कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्र. / 1085 / नि.आ.सू./ लो.नि.वि./2026 चिखलाकसा, दिनांक 07/08/2026

**"ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना"**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है :-

1. Bid Start Date - 07.08.2026 Time - 19:30
2. Last date for sending of prebid queris Email ID.. - 14.08.2026 Time - 17:00
3. Prebid Meeting Meeting link.........meet.google.com/ubf-inrj-whh - 17.08.2026 Time - 15:00
4. Bid Due Date - 31.08.2026 Time - 17:00
5. Physical Doc submission End Date - 02.09.2026 Time - 16:00
6. Bid Open Date - 03.09.2026 Time - 17:00

| S. NO. | System Tender No. | Name of Work | Estimated Cost (In lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 197080 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP)Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PANCHAYAT, CHIKHLAKASA under SBM 2.0 | 212.15 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट व http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा

**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice (4th Call)**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No./216 Date 03.08.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Commissioner, Municipal Corporation Dhamtari invites online Tenders on Form "F" (Lump-Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. No | Name of work | Tender System No. | Probable amount of contract (Rs. in Lakh) | Earnest Money (Rs. In Lakh) | Class of contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Construction/Balance Work** of 256 Unit EWS Housing Blocks By Monolithic/ Pre-cast technologies Including Infrastructure Development. Complete At Mahimasagar Ward. | 196863 | 892.54 | 4.47 | Class 'B' & Above (Unified Registration System-E Registration & Firms of repute) |
| 2 | **Construction/Balance Work** of 182 Unit EWS Housing Blocks By Conventional Technologies Including Infrastructure Development Complete At Mahimasagar Ward - Aarohi Builders Colony, & Vindhyawasini Ward - IDSMT Plot | 196866 | 674.43 | 3.38 | Class 'B' & Above (Unified Registration System-E Registration & Firms of repute) |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in** Date 05.08.2026, Time 5.30PM Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission **24.08.2026 at 5.30PM Hours.**

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**Commissioner,**
**Municipal Corporation Dhamtari (C.G.)**

